एक नजर में

17 तक किसान चौपाल लगाए- कलेक्टर

रतलाम। सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य से कम कीमत पर यदि किसानों की सोयाबीन की उपज बिकती है तो,किसानों को घाटे से उबारने के लिए अंतर की राशि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी जाएगी । इसके लिए सरकार द्वारा भावान्तर योजना प्रारंभ की गई है । जिले में योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने ।योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए योजना के संबंध में ग्राम पंचायत, नगरीय निकायों कार्यालयों, मण्डी तथा कलेक्टर कार्यालय में आईल पेन्ट से जानकारी प्रदर्शित करवाने । जिले के किसानों को योजना के संबंध में जानकारी देने के लिए 17 अक्टूबर तक किसान चौपाल लगाने एवं भावान्तर योजना मे 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के मध्य शत प्रतिशत किसानों के पंजीयन करवाने के निर्देश कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में भावान्तर योजना की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए । बैठक में कलेक्टर सुश्री सिंह ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में व्यापारियों एवं मण्डी प्रबंधकों की बैठक लेकर योजना के बारे में जानकारी देने एवं शासन के निर्देशो से अवगत करवाने हेतु निर्देशित किया। किसानों को मोबाइल एसएमएस के माध्यम से भी जानकारी भेजने के निर्देश दिए।

फसल मुवाजदे के 213 करोड़ स्वीकृत करने पर भाजपा ,जनप्रतिनिधियों ने दिया धन्यवाद

रतलाम। जिले मे अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन की फसल के सर्वेक्षण पश्चात् मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव ने प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए 213 करोड़ रूपए स्वीकृत किये है ।इस स्वीकृति पर भाजपा और जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, एम.एस.एम.ई. मंत्री चेतन्य काश्यप, सांसद सुधीर गुप्ता, अनिल फिरोजिया, अनिता चौहान, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, डॉ. चिंतामणि मालवीय, मथुरालाल डामर ने बताया कि इस वर्ष अतिवृष्टि ने सोयाबीन फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हमेशा किसानों ने प्रति संवेदनशील रहे है। सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए किसानों को त्योहारों की शुभकामनाएं दी है।

बैंकों व सहकारी सोसाइटियों में दर्ज आरआरसी प्रकरणों हेतु विशेष तत्काल ऋण निवारण अभियान कल से

रतलाम. कलेक्टर कार्यालय, ब्रिस्क शाखा रतलाम द्वारा जिले की सभी 9 तहसीलों में दर्ज आरआरसी प्रकरणों की वसूली और निपटान के लिए विशेष तत्काल ऋण निवारण अभियान 2025-26 का प्रथम चरण 6 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है. जिला ब्रिस्क प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार शर्मा तथा जिला ब्रिस्क वसूली समन्वयक विकास चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत सभी बैंकों और सहकारी सोसाइटियों से दर्ज आरआरसी प्रकरणों की सूची मंगवाई गई है. सभी संस्थानों को यह सूची 10 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त नए प्रकरणों को अभियान में शामिल नहीं किया जाएगा. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों, छोटे व्यवसायियों एवं ऋणग्रस्त नागरिकों को वित्तीय राहत प्रदान करना और उनके प्रकरणों का शीघ्र निवारण सुनिश्चित करना है. इसके लिए जिले के तहसीलदार, पटवारी, कोटवार सहित बैंक एवं सहकारी सोसाइटी के अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से भागीदारी करेंगे. अधिकारियों ने बैंक और सहकारी सोसाइटियों से अपील की है कि वे प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन व बैनर का उपयोग करें. साथ ही आमजन, किसान और व्यापारी अपने-अपने प्रकरणों में समझौता कर निर्धारित राशि समय पर जमा करें और इस अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं.

पुलिस ने 12 हजार 901 गिरफ्तारी वारंट कराए तामिल

रतलाम। एसपी अमित कुमार द्वारा रतलाम द्वारा आदतन अपराधियों, विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान जारी है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (शहर) राकेश खाखा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में रतलाम पुलिस द्वारा विगत कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटीयो की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान जारी है।

रावण पुतला निर्माणकर्ताओं को नहीं होगा भुगतान

नवभारत न्यूज

रतलाम। नेहरू स्टेडियम में बने रावत के पुतले को दहन को दौरान किरकरी होने पर अब कार्रवाई की तैयारी की जा रही हैं। नगर निगम द्वारा

निविदाकार के विरूद्ध होगी कार्रवाई, ब्लैक लिस्टेड किया

रावण पुतला निर्माणकर्ताओं का भुगतान रोकने की तैयारी का जा रही हैं। वहीं निविदाकार पर कानूनी कार्रवाई के साथ ही ब्लैक लिस्टेडट करेंगे।

रावण दहन से निगम की बदनामी तथा कांग्रेस का भ्रष्टाचार पर निशाना साधने के बाद निगम कार्रवाई की तैयारी में जुटा हुआ हैं। सामान्य प्रशासन समिति

प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास ने नगर निगम की छवि को धूमिल करने वाले तथा जनता की भावना को ठेस पहुंचाने वाले रावण पुतला निर्माण निविदाकार को भुगतान नहीं करने तथा संबंधित के विरूद्ध कानुनी वैधानिक कार्यवाही कर ब्लैक लिस्टेड किये जाने हेतु निगम आयुक्त को पत्र प्रेषित किया है।

इनका कहना

रावण पुतला निर्माण के निविदाकार राहूल गोस्वामी, गोस्वामी इन्टरप्राईजेस उज्जैन को पुतला निर्माण का भुगतान नहीं किया जायेगा। संबंधित के विरूद्ध कानूनी वैधानिक कार्रवाई कर ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

अनिल भाना, निगम आयुक्त

महापौर ने लिखा कार्रवाई के लिए पत्र

नगर सरकार के निशाने पर आने से महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम आयुक्त को एक पत्र लिखा हैं। इसमें लिखा गया कि श्री कालिका माता नवरात्री मेला 2025 में दशहरे के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिस संबंध में पूर्व में ही मेरे द्वारा यह निर्देश दिये गये थे कि मेले का आयोजन एवं रावण दहन सही गुणवत्ता और बिना किसी त्रुटी से किया जाए। इसके बावजुद जिस ठेकेदार को रावण निर्माण हेतु ठेका दिया गया था उसके द्वारा इस कार्य में काफी लापरवाही बरती गई। मेला अधिकारियों द्वारा देखरेख एवं रावण दहन की गुणवत्ता की जांच नहीं की गई। जिस कारण रावण दहन उचित एवं पूर्ण रूप से नहीं होने से नगर के नागरिकों द्वारा काफी आलोचना की गई जिसके कारण नगर निगम की छवि धुमिल हुई है। रावण निर्माण काफी घटिया स्तर पर किया गया तथा पर्याप्त पटाखे भी उपयोग में नहीं लाये गए। इस हेतु रावण निर्माण हेतु ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किया जाकर अर्नेस्टमनी राजसात की जाकर भुगतान नहीं किया जावें । साथ ही ठेकेदार के विरूद्ध कानुनी वैधानिक कार्रवाई किए जाने के उचित निर्देश प्रदान कर मेला अधिकारी को कारण बताओं सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण मेरे समक्ष प्रस्तुत किया जावें एवं मेला अधिकारी को आगामी मेले सबंधित दायित्व से मुक्त किया जाकर स्वयं आयुक्त द्वारा देखरेख कर संपूर्ण आयोजन की जवाबदेही ली जावें।

ढाई किलोमीटर रोड डिवाइडर में रोपे 5 हजार पौधे

नवभारत न्यूज

रतलाम। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रत्येक नागरिक के लिये संदेश है कि पर्यावरण को सहेजना सभी का दायित्व है इस हेतु नागरिक एक-एक पौधा

मंत्री काश्यप बोले : पौधा रोपण के बाद उनकी देखभाल कर पेड़ बनाए

रोपकर उसे पेड़ बनायें ।उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम् उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने अमृत हरित महाभियान के तहत राम मंदिर से आरो आश्रम तक रोड़ डिवाईडर में 5000 पौधो के रोपण के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि महापौर प्रहलाद के ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम के सपने को साकार करना होगा। अगर हर व्यक्ति अपने मन में निश्चय कर लें कि मुझे एक पौधा रोपकर उसे पेड़ बनाना है तो यह धरती हरियाली से आच्छदित होकर पर्यावरण में सुधार होगा।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि हमें अब रतलाम को ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम बनाना है इसी के तहत अमृत हरित महाभियान में आज राम मंदिर से आरो आश्रम तक ढाई

किलोमीटर की मानव श्रृंखला बनाकर रोड डिवाईडर में एक साथ 5000 पौधो का रोपण कर इतिहास रच रहें है। नगर का प्रत्येक नागरिक अपने शुभ अवसर पर एक पौधा रोपकर यह प्रण लें कि इसे पेड़ बनाना है तो रतलाम नगर को हरियाली से आच्छदित होने से कोई नहीं रोक सकता। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा आदि ने सबोधित किया। उद्बोधन पश्चात् सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम् उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विप्लव जैन, सोनू यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, मनोहर पोरवाल, मनोज शर्मा, सोनू यादव, राजेन्द्र पाटीदार, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, नन्दकिशोर पवांर, बलवंत भाटी, राजेश रांका, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षद हितेश कामरेड, परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक, बलराम भट्ट, श्रीमती निशा सोमानी, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती आयुषी सांकला, के अलावा स्कूल-कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी, स्वंय सेवी संस्था तथा नागरिकों ने राम मंदिर से आरो आश्रम तक के रोड़ डिवाईडर में एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर विभिन्न प्रजातियों के 5000 पौधो का रोपण किया।

150 से अधिक छात्र बिना वैध रियायती सर्टिफिकेट के यात्रा करते हुए पकड़ाए

नवभारत न्यूज

रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सुखद यात्रा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंडल में रियायती टिकट पर अवैध यात्रा कर रहे यात्रियों पर बड़ी कार्रवाई

नियमित ट्रेनों के साथ-साथ विशेष ट्रेनों का संचालन भी इसी उद्देश्य से किया जाता है। यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे विभिन्न श्रेणियों के लिए रियायती टिकट उपलब्ध कराता है। इन्हीं में विद्यार्थियों के लिए रियायती प्रमाणपत्र के आधार पर किराए में छूट दी जाती है।

हालांकि, कुछ लोग इस सुविधा का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करते हैं। इसका ताज़ा उदाहरण 2 अक्टूबर 2025 को गाड़ी संख्या 22944 इंदौर-दौंड एक्सप्रेस में सामने आया, जब देवास से लोनावला तक 150 से अधिक छात्र बिना वैध रियायती प्रमाणपत्र के यात्रा करते हुए पकड़े गए। रतलाम मंडल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्रीमती हिना केवलारामानी के निर्देशन में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। इसमें मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश मथुरिया, सहायक वाणिज्य प्रबंधक राजेश तन्ना, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक मिक्की सक्सेना, वाणिज्य अधीक्षक अख्तर व अमित मसीह सहित 10 सदस्यीय स्क्वाड और आरपीएफ स्टाफ शामिल थे। योजनाबद्ध तरीके से रतलाम स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान के बाद टीम ने सभी शयनयान कोचों की जांच की। जांच के दौरान टूर ऑर्गनाइजर से रियायत पत्र एवं वैध यात्रा प्रमाण मांगा गया, लेकिन वह प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। पूछताछ में ऑर्गनाइजर ने स्वीकार किया कि टिकट एक एजेंट के माध्यम से तैयार करवाए गए थे। उनका बयान भी टीम द्वारा दर्ज किया गया। टूर ऑर्गनाइजर द्वारा बताये गये एजेंट के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने हेतु प्रकरण रेलवे सुरक्षा बल/जीआरपी को भेजा जाएगा। नियमों के अनुसार कुल 152 छात्रों से रेलभाड़ा वसूला गया तथा टूर ऑर्गनाइजर से 1,17,040/- का जुर्माना वसूल किया गया। रतलाम मंडल के इतिहास में यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में रियायत का दुरुपयोग करते हुए अवैध यात्रा करने वालों को पकड़ा गया और कार्यवाही की गई। इसे मंडल की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

कम नुकसानी राशि मिलने पर आक्रोशित किसान, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सैलाना। मुख्यमंत्री द्वारा अतिवृष्टि से हुई नुकसानी को लेकर शुक्रवार को किसानों के खाते में राहत राशि ट्रांसफर की गई। कम राशि मिलने पर किसान आक्रोशित हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि लाखों के नुकसान पर हजारों दिए जा रहे हैं। शनिवार को करिया गांव के करीब 200 किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और एसडीएम को नुकसानी के मान से कम राहत राशि मिलने पर विरोध जताते हुए जांच की मांग की। दरअसल मुख्यमंत्री के गांव मे आने के बाद पूरा यकीन था कि क्षेत्रवासियों को राहत राशि के तौर पर निर्धारित पूरा नुकसान मिलेगा। साथ ही उस दौरान विभागीय अमले व अधिकारियों द्वारा गांववासियों के समक्ष 80 प्रतिशत नुकसानी पर राहत राशि मिलने का भरोसा दिया था। वही दूसरी और राहत राशि मिलने के पूर्व ही सोशल मिडिया पर फला-फला जिले को मिलने वाली राहत राशि को लेकर भ्रामक जानकारी का वायरल होना आदि अनेक कारणों के चलते गांववासी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे थे। इस संबंध में तहसीलदार कुलभूषण शर्मा ने बताया की सोशल मिडिया की भ्रामक जानकारी के कारण कम राहत राशि को लेकर करिया गांव के किसानों में संशय था, जिसे लेकर वह तहसील कार्यालय आए थे। साथ ही दस्तावेज में त्रुटि के कारण राहत राशि से वंचित रहना भी एक कारण रहा। सरकार के निर्धारित मानदंड सहित किसानों के संशय को दूर करते हुए राहत राशि से वंचित किसानों के दस्तावेज सुधारकर शीघ्र राहत राशि मिलने की बात कहने पर किसानो का संशय दूर हुआ।

पुलिस और पेंशनर्स समाज के दो सेवा वाले नाम

रतलाम। नवागत डीआईजी निमीष अग्रवाल से भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन रतलाम के पदाधिकारियों ने शनिवार को

डीआईजी से मिले एसबीआई बैंक पेंशनर्स के पदाधिकारी

मुलाकात की। श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस और पेंशनर्स समाज के दो सेवा वाले नाम हैं। समाज को बुद्धिजीवी यानि वरिष्ठ के मार्गदर्शन से सही दिशा मिलती हैं। वैसे ही पुलिस हर आम और खास के लिए मदद को तैयार रहती है और सही सहायता प्रदान कर तकलीफ से बाहर निकालती हैं। स्टेड बैंक भी इसी तरह आमजनों को वित्तय साक्षर बनाता हैं। उन्होंने कहा में शुरुआत से ही स्टेट बैंक का खाताधारक हूं। आप सभी पेंशनर्स है ओर अभी भी सक्रिय है यह प्रसन्नता का विषय मेरे लिए है। सचिव भूपेंद्र चेचानी, नरेश सकलेचा, तरनी व्यास, दिनेश मालपानी, महेंद्र डोड़िया, किशोर चोधरी, चन्दन भाटिया उपस्थित रहे।

15 लाख से बनेगा कालिका माता मंदिर तोरणद्वार

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर के एक मात्र प्राचीन कालिका माता मंदिर का तोरणद्वार मुख्य मार्ग से कालिका मंदिर जाने वाले रास्ते पर भव्य रूप से बनने जा रहा है। इसके लिए

पूर्व विधायक गेहलोत,नप अध्यक्ष शुल्का ने किया भूमिपूजन

दशहरे के दिन बकायदा नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला ने पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के हाथों गेती मारकर कर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया है। 15 लाख की लागत से बनने जा रहे इस तोरणद्वार से नगर के कालिका माता मार्ग शुशोभित होगा। इस मौके पर परिषद उपाध्यक्ष सुनीता

पाठक,पार्षद मीरा पाटीदार, सलोनी मांडोत, कुलदीप कुमावत, जगदीश पाटीदार, मुकेश पटेल, राधा बाई काग, कृष्णा चंदेल, पुष्पा राठौड़, मंगलेश कसेरा,आशा कसेरा, विधायक प्रतिनिधि शिवा गेहलोत सहित जनप्रतिनिधि परिषद के कर्मचारी मौजूद थे। परिषद अध्यक्ष शुक्ला ने बताया कि तोरणद्वार निर्माण का दो सप्ताह के भीतर कार्य शुरू होगा व तीन महीने में ये बनकर तैयार हो जाएगा।

हैंडबॉल क्लब के 8 खिलाडियों का राज्य स्तरीय में चयन

जावरा। 69 वी शालेय राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल बालक, बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 अक्टूबर तक शाजापुर जिले के शुजालपुर में आयोजित हो रही है। उज्जैन संभाग की टीम में बालक वर्ग में जावरा क्लब के अनीश खान, जपमित सिंह सलूजा, कृष्णा कटारा एवं बालिका वर्ग में विजय लक्ष्मी सेकवाडीया , अमृता कुंवर राठौर, प्रियांशी धाकड, प्रियांशी राठौर और वंशिका जटिया का चयन हुआ है। यह जानकारी खेल प्रशिक्षक एवं महारानी लक्ष्मी बाई शा.कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रतलाम में पदस्थ व्यायाम निर्देशक विजय रावल ने देते हुए बताया की पांच दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग द्वारा मुझे बालिका टीम का प्रमुख कोच नियुक्त किया है। चयनित सभी खिलाडियों एवं प्रशिक्षको को जावरा के विधायक डॉ.राजेंद्र पाण्डे, अनिल दसेडा, डॉ. हमीरसिंह राठौर, सिकंदरसिंह सिसोदिया, प्रो एजी.पठान आदि ने खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना दी।

पैंपलेट किए वितरित,गुलाब भेंट कर दी समझाइश

नवभारत न्यूज

जावरा। लायंस क्लब, एक्टिव, ओजस द्वारा संयुक्त तत्वाधान में सेवा सप्ताह के तृतीय दिवस पर शनिवार को यातायात जागरूकता अभियान शहर में चलाया। अभियान की शुरुआत

लायंस क्लब चला रहा यातायात जागरूकता अभियान

सांदीपनी विद्यालय सीएम राइज से हुई। संस्था पदाधिकारियों, सदस्यों ने यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया और रोज वहां सेवा देने वाले काकाजी का स्वागत किया गया।

अभियान के अंतर्गत सड़कों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए। साथ ही यातायात पुलिस अधिकारियों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया गया। विशेष पहल के रूप में संस्था सदस्यों ने सभी वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर यह संदेश दिया कि नियम तोड़ने पर केवल दंड से बचना

ही उद्देश्य न हो, बल्कि नियमों का पालन करना स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। संस्था अध्यक्ष यश जैन एडवोकेट ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमों का पालन करे तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित जावरा थाना प्रभारी जितेंद्र जादौन एवं यातायात अधिकारियों ने भी लोगों से अपील की कि वे हमेशा लाइसेंस, बीमा और वाहन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। सचिव अशोक चोपड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा, सेवा सप्ताह चेयरमैन अर्पित चत्तर, डॉ श्याम पाटीदार, लायंस ओजस से शीतल मेहता, दीपिकासिंह डोडिया, पवन मोदी, सुजानमल कोचट्टा, अरुण संघवी, गोपाल सेठिया, रजनीकांत शाह, सजीवर्गीस, विजय राठौर, देवेंद्र शर्मा, शरद डुंगरवाल, मनीष कोचर, अनूप शर्मा, कमल सारडा, डॉ राकेश जैन, राजकुमार मारवाड़ी, महादेव पाटीदार, विशाल चत्तर, विरेन्द्र सिसोदिया उपस्थित रहे। आते जाते नगरवासियों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज में जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

बैठक 15 जनवरी तक मण्डी में विक्रय किये जाने पर भावांतर योजना का मिलेगा लाभ

भावांतर भुगतान योजना: विधायक ने ली बैठक, दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

जावरा। कृषि उपज मण्डी समिति जावरा जिला रतलाम में दिनांक 4अक्टूम्बर को मण्डी बोर्ड भोपाल एवं कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के अन्तर्गत उक्त योजना को सुचारू एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अरनियापीथा मण्डी कार्यालय में विधायक डा राजेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में एवं अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी की उपस्थिति में कृषि उपज मण्डी समिति एक बैठक आहुत की गई। जिसमें उक्त योजना के सफल कियान्वयन हेतु विधायक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये, जिसमें वर्ष 2025-26 में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के संबंध में किसानों का पंजीयन ऑनलाईन दिनांक 3 से 17 अक्टूम्बर तक किये जाने की जानकारी दी गई। विधायक ने बताया कि 24 अक्टूम्बर से 15 जनवरी 2026 तक किसानों को सोयाबीन मण्डी प्रांगण में विक्रय किये जाने पर शासन की भावांतर योजना का लाभ प्राप्त होगा। इस संबंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु मण्डी द्वारा योजना से संबंधित जानकारी के पेम्पप्लेट किसानों को वितरित करने तथा ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम सेवक एवं ग्राम कोटवार

के विभाग प्रमुख को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश विधायक डॉ राजेंद्र पांडे ने दिये। उक्त बैठक में मण्डी सचिव आर वसुनिया, तहसीलदार, नायब तहसीलदार जावरा एवं पिपलोदा, जनपद पंचायत कार्यपालन अधिकारी, कृषि विभाग प्रमुख, सहकारी संस्था के अधिकारी एवं अनुभाग जावरा के किसान संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों एवं मण्डी के व्यापारीगण, तुलावटी, कर्मचारीगण एवं योजना से संबंधित समस्त अधिकारीगण, विभाग प्रमुख उपस्थिति रहे।

17 तक होंगे किसानों के पंजीयन

वर्ष 2025-26 में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के संबंध में किसानों का पंजीयन ऑनलाईन 3 से 17 अक्टूम्बर तक किए जाने की जानकारी दी गई। विधायक ने बताया कि 24 अक्टूम्बर से 15 जनवरी 2026 तक किसानों को सोयाबीन मण्डी प्रांगण में विक्रय किये जाने पर शासन की भावांतर योजना का लाभ प्राप्त होगा।